Presentation of Reports of Committee on Papers Laid on the Table

श्री गिरीश चन्द्र (नगीना): सभापति महोदय, मैं सभा पटल पर रखे गए पत्रों संबंधी समिति (2022-23) के निम्नलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत करता हूं:-

(1) सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय (दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग) के प्रशासनिक अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत (एक) जिला दिव्यांगजन विद्यालय, झारसुगुडा; (दो) वेलूगू, मदनापल्ले, आंध्र प्रदेश; और (तीन) क्चाजुली फिजीकली हैंडीकैप्ड स्कूल एंड ट्रेनिंग सेंटर, लखीमपुर के वार्षिक प्रतिवेदनों और लेखापरीक्षित लेखाओं को सभा पटल पर रखे जाने में विलंब।

(2) भारी उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत सीमेंट कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, नई दिल् ली के वार्षिक प्रतिवेदनों और लेखापरीक्षित लेखाओं Â को सभा पटल पर रखे जाने में विलंब।

(3) रेल मंत्रालय के अंतर्गत एनआरटीयू फाउंडेशन, नई दिल्ली के वार्षिक प्रतिवेदनों और लेखापरीक्षित लेखाओं को सभा पटल पर रखे जाने में विलंब।

(4) दिल्ली पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड, नई दिल्ली के वार्षिक प्रतिवेदनों और लेखापरीक्षित लेखाओं को सभा पटल पर रखे जाने में विलंब के बारे में समिति के 101वें प्रतिवेदन (सत्रहवीं लोक सभा) में की गई सिफारिशों/टिप्पणियों पर गृह मंत्रालय द्वारा की-गई-कार्रवाई।

(5) महाराष्ट्र एग्रो इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन, मुम् बई के वार्षिक प्रतिवेदनों और लेखापरीक्षित लेखाओं को सभा पटल पर रखे जाने में विलंब के बारे में समिति के 103वें प्रतिवेदन (सत्रहवीं लोक सभा) में की गई टिप्पणियों/सिफारिशों पर कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय (कृषि और किसान कल्याण विभाग) द्वारा की-गई-कार्रवाई।

(6) राष् ट्रीय बाल भवन, नई दिल्ली के वार्षिक प्रतिवेदनों और लेखापरीक्षित लेखाओं को सभा पटल पर रखे जाने में विलंब के बारे में समिति के 118वें प्रतिवेदन (सत्रहवीं लोक सभा) में की गई टिप्पणियों/सिफारिशों पर शिक्षा मंत्रालय (स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग) द्वारा की-गई-कार्रवाई।

(7) जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के वार्षिक प्रतिवेदनों और लेखापरीक्षित लेखाओं सभा पटल पर को रखे जाने में विलंब के बारे में समिति के 66वें प्रतिवेदन (सत्रहवीं लोक सभा) में की गई टिप्पणियों/सिफारिशों पर शिक्षा मंत्रालय (उच्चतर शिक्षा विभाग) द्वारा की-गई-कार्रवाई।

माननीय सभापति: आइटम नम्बर 14, श्री प्रतापराव जाधव।

? (व्यवधान)

14.04 hrs